साँसों में श्याम तुम ही बसते हो | By Sanjay Pareek

साँसों में श्याम तुम ही बसते हो
मेरी साँसों का तुमसे नाता है
जीतने वालों की ये दुनिया है
साथ हारे का तू निभाता है

रोज़ करता हूँ तेरा सुमिरन मैं
ज़िंदगानी तुम्ही तो संवारोगे
भूल जाऊं मैं सारी दुनिया को
साथ देकर मुझे तुम उबारोगे
साथ छोडो ना हाथ पकड़ो मेरा
राह भटकों को तू दिखाता है

फूल हूँ श्याम तेरी बगिया का
खुशबुओं से मेरा ये नाता है
मुझको रखले तू अपने चरणों में
बाबा इसमें तेरा क्या जाता है
चाहे तू फूल बना शूल बना
धूल में फूल तू खिलाता है

कैसे रीझोगे बाबा ये बतलाओ ना
सरल पंकज ये तुमको रिझायेगा
मेरा परिवार तुम ही से चलता है
हर जनम गुण तेरे बाबा गायेगा
हारे को जीत दिलाओ बाबा
तुमसे जन्मो का मेरा नाता है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%b8%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%b8/